



SHRI TARUNDEEP RAI

Shri Tarundeep Rai is an ace Archer and two time Olympian who has represented the country in many International Tournaments such as Olympic Games, Asian Games, World Championships, Commonwealth Games etc. and brought laurels for the country in various International tournaments.

2. Born on 22nd February, 1984, Shri Rai joined Army Boys Sports Coy, 58 Gorkha Training Centre, Shillong in 1997 where he started Archery. Later in 2001, he joined Indian Army through sports quota.

3. Shri Rai has been instrumental in winning many International Medals in mega events such as Asian Games, Commonwealth Games as well as World Championships. He participated in Athens Olympic, 2004 and London Olympics, 2012. He won Team Bronze Medal in Doha Asian Games, 2006 and Individual Silver Medal (Country's first Individual Medal) in Guangzhou Asian Games, 2010. He won Team Silver Medal (Country's first World Championship Medal) in Madrid World Championship, 2005 and Team Silver Medal in Netherland World Championship, 2019. He won Team Bronze Medal in Commonwealth Games, New Delhi 2010. He won Team Silver Medals in Asian Championship held in Yongon, 2003 and Delhi, 2005. He also won Team Bronze Medal in Asian Championship held at Bangkok in 2019. He won Individual Gold Medal in National Games, Kerala, 2015.

4. Shri Rai is a dedicated and hardworking Archer who has led the country in many International tournaments and has won a number of medals for the country.

5. Shri Rai is the recipient of numerous Honours and Awards. He was conferred with Vishist Seva Medal (VSM) in 2005. Indian Government conferred the prestigious Arjuna Award in 2006 for his excellent contribution in the field of Archery. He was honoured with Sikkim Khel Ratna Award in the year 2012. Shri Rai has also been awarded with Chief of Army Staff Commendation Card (COAS) in the year 2010, 2011, 2012, 2013 and 2014 respectively, General Officer Commander in Chief (GOC-in C) Commendation Card in 2019 and Vice Chief of Army Staff Commendation Card (VCOAS) in the year 2020.





श्री तरुणदीप राई

श्री तरुणदीप राई एक कुशल तीरंदाज और दो बार के ओलंपियन हैं। उन्होंने ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, विश्व चौंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल आदि जैसे बहुत से अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

2. 22 फरवरी, 1984 को जन्मे श्री राई ने 1997 में आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी, 58 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर, शिलांग में प्रवेश लिया जहां उन्होंने तीरंदाजी शुरू की। 2001 में, वह खेल कोटे से भारतीय सेना में शामिल हुए।

3. श्री राई की एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल तथा विश्व चौंपियनशिप जैसे महाआयोजनों में अनेक अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने में प्रमुख भूमिका रही है। उन्होंने एथेंस ओलंपिक, 2004 और लंदन ओलंपिक, 2012 में भाग लिया। उन्होंने दोहा एशियाई खेल, 2006 में टीम कांस्य पदक और ग्वांग्झू एशियाई खेल, 2010 में व्यक्तिगत रजत पदक (देश का पहला व्यक्तिगत पदक) जीता। उन्होंने मैड्रिड विश्व चौम्पियनशिप, 2005 में टीम रजत पदक (देश का पहला विश्व चौम्पियनशिप पदक) जीता और नीदरलैंड वर्ल्ड चौंपियनशिप, 2019 में टीम रजत पदक जीता। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, नई दिल्ली 2010 में टीम कांस्य पदक जीता। उन्होंने 2003 में यंगून, और 2005 में दिल्ली में आयोजित एशियाई चौम्पियनशिप में टीम रजत पदक जीते। उन्होंने 2019 में बैंकॉक में आयोजित एशियाई चौम्पियनशिप में टीम कांस्य पदक भी जीता। उन्होंने राष्ट्रीय खेल, केरल, 2015 में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता।

4. श्री राई एक समर्पित और मेहनती तीरंदाज हैं जिन्होंने अनेक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का नेतृत्व किया है और देश के लिए बहुत से पदक जीते हैं।

5. श्री राई को अनेक सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्हें 2005 में विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। भारत सरकार ने, 2006 में तीरंदाजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्ष 2012 में, उन्हें सिक्किम खेल रत्न पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। श्री राई को वर्ष 2010, 2011, 2012, 2013 और 2014 में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड, वर्ष 2019 में जनरल ऑफिसर कमांडर इन चीफ कमेंडेशन कार्ड तथा वर्ष 2020 में वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड भी प्रदान किया गया है।